जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक : डॉ. बी.एस. द्विवेदी **क्रमांक– 22**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी **दिनांक–02.03.2026**

मसाला फसलों की उन्नत खेती से बढ़ेगी किसानों की आय– डॉ. स्वाती बारचे

जनेकृविवि के उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा कृषक प्रशिक्षण आयोजित

जबलपुर 2 मार्च, 2026। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास परियोजना के अंतर्गत विकासखंड पनागर के ग्राम डूंगरिया में अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे के मुख्यआतिथ्य में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. स्वाती बारचे ने कहा कि मसाला फसलों की उन्नत खेती से किसानों की आय बढ़ेगी। आपने मसाला वर्गीय फसलों जैसे धनिया, मेथी, लहसुन, अदरक, मिर्च एवं हल्दी की उन्नत उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अलावा विशेषज्ञों ने किसानों को फसल प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। साथ ही गुणवत्तायुक्त बीज, पौध सामग्री एवं जैव उर्वरकों के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई।

दरअसल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मसाला फसलों की उन्नत खेती को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डॉ. रजनी शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित झा एवं डॉ. रीना नायर, कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद गुप्ता तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती मोनिका झा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।